हिन्दी दिवस समारोह सम्पन्न :

नई दिल्ली, 14 सितम्बर, 2012

श्री नंदन निलेकणि, अध्यक्ष, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आज राजभाषा दिवस के उद्‌घाटन समारोह में कहा कि हिन्दी को भावनात्मक रूप में अपनाने तथा अपने रोजमर्रा के कामकाज में इसका अधिकाधिक प्रयोग करने से ही हम स्वयं एवं राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकेंगे। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के द्वारा आज राजभाषा पखवाड़ा समारोह की शुरूआत की गई।

इस अवसर पर महानिदेशक श्री राम सेवक शर्मा ने प्राधिकरण में हिन्दी में किए जा रहे काम–काज पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि प्राधिकरण का कार्य अत्याधिक तकनीकी होने के कारण प्राधिकरण के लिए हिन्दी में काम करने की अपनी सीमाएं हैं लेकिन प्रशासनिक कार्यों में उत्तरोत्तर इसका उपयोग बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि राजभाषा हिन्दी भावनात्मक स्तर पर देश को जोड़ने का कार्य करती रही है और भारत के सभी प्रान्तों में हिन्दी का प्रयोग निरन्तर बढ़ रहा है, अतः सांस्कृतिक और भाषायी सौहार्द बनाए रखते हुए राजभाषा हिन्दी को समुचित बढ़ावा दिया जाना चाहिये।

श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (आधार) का भारत के निवासियों, विशेष रूप से समाज के उपेक्षित वर्गों और दुर्गम स्थानों में रहने वालों के प्रति एक महत्वपूर्ण दायित्व है, जिसे निभाने और एक अभियान के तहत अपने उद्देश्य पूर्ति हेतु हिन्दी भाषा का अधिकाधिक उपयोग नितान्त आवश्यक है ताकि हम जनसामान्य के बीच समन्वय और सम्पर्क स्थापित कर सकें।

प्राधिकरण में उप महानिदेशक श्री देवेन्द्र कुमार ने अध्यक्ष तथा महानिदेशक का स्वागत करते हुए कहा कि प्राधिकरण राजभाषा विभाग के दिशानुसार अपने कार्यों में निरन्तर हिन्दी का प्रयोग कर रहा है। कार्यक्रम के आरंभ में परम्परागत तरीके से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।